Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding intercity train between Ahmednagar and Pune-laid.

डॉ. सुजय विखे पाटील (अहमदनगर): अहमदनगर इतिहास और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है और प्रतिदिन हज़ारों की संख्या में यात्री पुणे तक की यात्रा शैक्षणिक,पर्यटन और उद्योग के उद्देश्य से करते है जिसके लिए उन्हें 4 घंटे का समय लगता है । पुणे तक यात्रा करने के लिए अभी बस सेवा और राजमार्ग उपलब्ध है लेकिन traffic के कारण उसमे बहुत समय का नुक्सान होता है । वर्तमान में अहमदनगर से पुणे तक कोई भी Intercity ट्रैन नहीं है । पिछले कई वर्षों से जनता की मांग है कि अहमदनगर से पुणे तक एक Intercity या Shuttle रेलवे सेवा प्रतिदिन शुरू की जाए जिससे मेरे क्षेत्र के लोगों को सुगम तरह से यात्रा करने की सुविधा मिले । मेरा सरकार से निवेदन है कि रेल मंत्रालय तत्काल इस पर विचार करे और अहमदनगर से पुणे जैसी दो महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ने के लिए एक intercity या shuttle रेल सेवा शुरू करे जिससे पर्यावरण प्रदूषण भी कम होगा और यात्रियों की संख्या ज़्यादा होने से रेलवे को राजस्व भी मिलेगा । मेरी मांग है कि इस intercity ट्रेन का अहमदनगर से प्रस्थान का समय सुबह 6 बजे किया जाए और पुणे से प्रस्थान शाम को 6.30 PM रखा जाए जिससे अधिक मात्रा में यात्री इस रेलवे की सुविधा का लाभ ले सके ।